# राजकीय पॉलीटेक्निक आमवाला
## अपर आमवाला, नालापानी (देहरादून)
## कम्यूनिटी कालेज में प्रवेश (ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के सहयोग से संस्था में संचालित कम्यूनिटी कालेज हेतु वर्तमान सत्र **2016–17** में तालिका में अंकित पाठ्यक्रम के **लेवल–3 में प्रवेश प्रक्रिया** प्रारम्भ हैं।

| कोर्स का नाम | सेक्टर | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि | लेवल |
|---|---|---|---|---|
| वोकेशनल स्किल डिप्लोमा | सर्विस | इन्डस्ट्रियल इन्स्ट्रूमेन्टेशन एण्ड ऑटोमेशन | 01 (एक) वर्ष | लेवल–3 |
| | | | 02 (दो) वर्ष | लेवल–4 |
| | | | 03 (तीन) वर्ष | लेवल–5 |

**मुख्य विषेषताये** :–

1. पाठ्यचर्या रोजगारपरक एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप।
2. प्रशिक्षणार्थियों के कौशलता विकास हेतु **प्रयोगात्मक/ व्यवसायिक** प्रशिक्षण उद्योग (स्किल नॉलेज प्रोवाइडर) के माध्यम से दिया जायेगा।
3. मल्टी एन्ट्री/मल्टी एक्जिट एवं एन0वी0ई0क्यू0एफ0 के अन्तर्गत प्रत्येक एक वर्ष के सफल प्रशिक्षाणोपरान्त क्रमशः लेवल–3, लेवल–4, लेवल–5 का **नेशनल कम्पीटेन्सी सार्टिफिकेट** एवं लेवल–5 प्राप्त करने पर वोकेशनल स्किल डिप्लोमा प्रदान किया जायेगा।
4. **सार्टिफिकेट एवं डिप्लोमा उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्, रूडकी एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं।**
5. प्रशिक्षणार्थी एक वर्ष के उपरान्त प्रशिक्षण समाप्त कर सकता है एवं पुनः सुविधा अनुसार अगले लेवल में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण जारी रख सकता है।
6. रोजगारपरक, गुणवत्तापरक, प्रायोगिक, व्यवहारिक व क्रियाशील प्रशिक्षण।
7. उद्योगों/सर्विस सेन्टर में कार्यरत, स्वरोजगार मैकेनिक तथा पढाई छोड चुके व्यक्तियों को अपनी कौशलता के विकास के साथ–साथ डिप्लोमा प्राप्त करने का अच्छा अवसर।
8. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का संस्थागत Training & Placement Cell द्वारा सेवायोजन कराया जाएगा। **विगत सत्र (2015–16) में राजकीय पॉलीटेक्निक आमवाला के इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी0 पाठ्यक्रम के 100% छात्रों का कैम्पस साक्षात्कार के माध्यम से सेवायोजन कराया गया।**

**न्यूनतम योग्यता** :– विज्ञान तथा गणित (प्रारम्भिक गणित नहीं) विषयों के साथ 35 प्रतिशत अंकों से उत्तराखण्ड में स्थित संस्थाओं से हाईस्कूल/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। उत्तराखण्ड के बाहर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों हेतु उत्तराखण्ड राज्य का स्थाई निवास प्रमाण पत्र आवश्यक।
**आयु सीमा** :– न्यूनतम 16 वर्ष अधिकतम् आयु सीमा का प्रतिबन्ध नहीं।
**शुल्क** :– सामान्य एवं ओ0बी0सी0 अभ्यर्थियों से रू0 500/–प्रतिमाह (प्रति सेमेस्टर रू0 3000/–) तथा अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यर्थियों से रू0 250/–प्रतिमाह (प्रति सेमेस्टर रू0 1500/–)।
**सीट** :– 98 सीट।
**आरक्षण** :– उत्तराखण्ड सरकार के सुसंगत शासनादेशों के अधीन ।
**चयन** :– हाईस्कूल की मैरिट के अनुसार किया जायेगा।
**प्रवेश हेतु नामांकन फार्म भरने की तिथि :–**प्रवेश फार्म संस्था कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है , अथवा संस्थान की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश फार्म पूर्णतः भरकर (संलग्नक सहित) संस्था कार्यालय में कार्य दिवसो में दिनांक 19 सितम्बर, 2016 तक जमा कर सकते है। इस हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

प्रधानाचार्य